तापमान
अधिकतम 37 .2 डिग्री
न्यूनतम 22 .7 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर 2025

13 रामलीला महोत्सव में पांचवे दिन सीता स्वयंवर..



14 जिले का प्रथम मॉडल गांव बनेगा भैंसरू कलां



**बुझेगी प्यास:** बूस्टर की कमी से दस हजार से अधिक लोग प्यासे, कई बार कर चुके रोड जाम

# 1.11 करोड़ से रैनकपुरा में बनेगा नया बूस्टर स्टेशन

### जींद रोड स्थित रैनकपुरा और उससे जुड़े मोहल्लों के लोगों को होगा फायदा

*जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने रैनकपुरा इलाके में नया बूस्टर स्टेशन बनाने और उससे जुड़ी पाइप लाइन बिछाने के लिए 1 करोड़ 11 लाख 74 हजार रुपये की परियोजना का टेंडर जारी किया है। यह टेंडर 26 सितंबर को आमंत्रित किया गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जींद रोड स्थित रैनकपुरा और उससे जुड़े मोहल्लों में लंबे समय से पेयजल संकट एक बड़ी समस्या बना हुआ है। नलों में पानी की सप्लाई अक्सर समय पर नहीं आती थी और आती भी थी तो प्रेशर इतना कम होता कि मकानों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। गर्मी के दिनों में हालात और ज्यादा बिगड़ जाते थे। कई बार स्थानीय लोग सड़कों पर उतरकर धरने-प्रदर्शन कर चुके हैं। यहां तक कि जल संकट को लेकर रोड जाम तक करने पड़े। आखिरकार जनता की इन लगातार उठाई जा रही आवाजों को सरकार ने गंभीरता से लिया और अब समाधान की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया गया है। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने रैनकपुरा इलाके में नया बूस्टर स्टेशन बनाने और उससे जुड़ी पाइप लाइन बिछाने के लिए 1 करोड़ 11 लाख 74 हजार रुपये की परियोजना का टेंडर जारी किया है। यह टेंडर 26 सितंबर को दोपहर 12:50 बजे ऑनलाइन आमंत्रित किया गया। विभाग द्वारा जल्द ही यह कार्य शुरू करवाया जाएगा।



फाइल फोटो

### ऑनलाइन होगी टेंडर प्रक्रिया

इस परियोजना का टेंडर पूरी तरह ऑनलाइन होगा। इसके लिए ठेकेदारों को तकनीकी और वित्तीय दोनों दस्तावेज जमा कराने होंगे। बोली लगाने की प्रक्रिया 26 सितंबर शाम 4 बजे से शुरू हो चुकी है और 17 अक्टूबर शाम 4 बजे तक चलेगी। टेंडर की वैधता 120 दिन रखी गई है। बोली लगाने के लिए 16,180 रुपये फीस निर्धारित की गई है, जिसमें प्रोसेसिंग शुल्क और जीएसटी शामिल है। वहीं, 2 लाख 23 हजार 500 रुपये की सुरक्षा राशि भी जमा करनी होगी।

### टेंडर के लिए 3 अधिकारी नियुक्त

टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विभाग ने तीन अधिकारियों नीलम कुमारी, सत्यवान शर्मा और संदीप कुमार को अधिकृत बोली खोलने वाला नियुक्त किया है। परियोजना की जिम्मेदारी पब्लिक हेल्थ सर्कल नंबर-2 को सौंपी गई है।

### 10 महीने में बनकर तैयार होगा बूस्टर स्टेशन

मुख्यालय से जारी पत्र के अनुसार, बूस्टर स्टेशन और लाइनों का निर्माण 300 दिनों यानी लगभग दस महीने में पूरा करना होगा। परियोजना पूरी होने के बाद शहर के कई हिस्सों में जलापूर्ति की स्थिति मजबूत होगी और लोगों को स्वच्छ पानी समय पर मिल सकेगा। तब तक लोगों को पानी के लिए इंतजार करना होगा।

### जनता की वर्षों की समस्या का निकलेगा समाधान

रैनकपुरा और आसपास की कॉलोनियों के लोग पानी के लिए सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं। आबादी बढ़ने और पुराने सिस्टम पर दबाव ज्यादा होने से पानी की आपूर्ति लगातार बाधित होती रही। महिलाओं और बुजुर्गों को कई बार दूर-दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता था। गली-मोहल्लों में अक्सर नल सूखे रहते हैं। इन हालातों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने कई बार आवाज उठाई और आंदोलन किए। अब यह टेंडर निकलना उनकी लड़ाई का नतीजा माना जा रहा है।

### पानी के लिए मील का पत्थर साबित होगा

नया बूस्टर स्टेशन जनता को बेहतर पेयजल सुविधा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। फिलहाल जहां दिक्कत है, वहां पर लोगों को इसका पूरा फायदा मिलेगा। इसके शुरू होने के बाद लोगों को पानी के लिए घरों से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें घरों में ही पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। पूरे प्रेशर के साथ पानी की सप्लाई घरों में शुरू होगी। -**संदीप कुमार**, कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गाड़ी चोरी की वारदात में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि हाल सेक्टर-1 निवासी राकेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 11 मई सुबह के समय राकेश को अपनी गाड़ी नहीं मिली। रात के समय अज्ञात युवक राकेश की गाड़ी चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 25 सितंबर को आरोपी वासिफ निवासी मुजफ्फरनगर उतर प्रदेश व कामरान निवासी मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया है।

### सीएम फ्लाइंग ने नपा में निरीक्षण किया

**सांपला।** शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने सांपला नगर पालिका में निरीक्षण किया। अचानक पहुंची सीएम फ्लाइंग को देखकर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उड़नदस्ते ने कई घंटे तक रिकॉर्ड की जांच की गई। वहीं वार्ड नंबर एक और दो में निर्माणाधीन गलियों का भी निरीक्षण किया। रिकॉर्ड में कुछ खामियां भी मिली है। लोगों द्वारा बार-बार नगर पालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। उसी शिकायत पर उड़न दस्ते ने सड़क निर्माण, गलियों के निर्माण भवन नक्शा पासिंग अन्य विकास योजना संबंधित फाइलों को खंगाला।

### गोदाम से लाखों रुपये की चोरी

**सांपला।** चोर रात को इस्माइला मार्ग पर बने एक गोदाम का ताला तोड़कर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने गोदाम मालिक निवासी प्रतीक के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। प्रतीक ने पुलिस शिकायत में बताया कि नौकर नंद किशोर ने उसको सूचना दी कि इस्माईला गिझी मार्ग पर बने गोदाम के ताले टूटे हुए हैं। जब वह मौके पर पहुंचा और देखा तो चार एसी, तीन गीजर, 3 टेबल व अन्य सामान गायब मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सांपला।** कस्बे से बाहर दुलेहड़ा माइनर पर एक युवक ने पेड़ पर फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रोहतक भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह किसी व्यक्ति ने एक पेड़ पर युवक का शव लटकता हुआ देखा। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार कर पहचान कराने का प्रयास किया गया। जिसकी पहचान नहीं हो पाई।



कर्मियों के हितों की अनदेखी का आरोप

# मांगों को लेकर गरजे नगर निगम कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम में शुक्रवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शम्भू टांक इकाई प्रधान की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के सदस्य उल्टी झाड़ू और काले झंडे लेकर सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए विरोध जताया। प्रदर्शन का संचालन अशोक थोरिया ने किया। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच ने सरकार पर कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की जा रही है। वहीं सीटू के प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि सरकार ने अपने वादों को पूरा नहीं किया और कर्मचारियों का शोषण कर रही है। प्रदर्शन में नगर निगम के दर्जनों कर्मचारी शामिल रहे। प्रमुख रूप से राकेश चावरिया (इकाई सचिव), रोहित गिल, शंकर टांक, अमित पिवाल, सुरेश पिवाल, राजकुमार टांक, सुभाष चावरिया, भीम चावरिया, राजकुमार राजे, सीताराम दरोगा, आजाद दरोगा, योगेश बिड़लान आदि मौजूद रहे।

### बैंकर्स कृषि ऋण के लक्ष्य को बढ़ाने के लिए उठाएं आवश्यक कदम : उपायुक्त



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि वे कृषि ऋण के लक्ष्य को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने सरकार द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के लक्ष्य को दोहराते हुए पात्र किसानों को कृषि ऋण का वितरण शीघ्र करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक क्षेत्र एवं कृषि ऋण के संदर्भ में बैंकर्स को पात्र आवेदकों को ज्यादा मात्रा में वित्तीय सहायता प्रदान करने को कहा ताकि इन श्रेणियों में ऋण अनुपात को बढाया जाए, जिससे सम्बंधित लाभार्थियों की आय में बढ़ोतरी हो सके व ऐसे लोगों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके।

# दाखिले के नाम पर 8.83 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस की टीम ने लखनऊ कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर 8 लाख 83 हजार रुपये की हुई ठगी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। आर्थिक अपराध शाखा इंचार्ज निरीक्षक प्रदीप ने बताया कि सेक्टर-1 निवासी नरेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 13 सितंबर को आकाश निवासी गाजियाबाद नाम के युवक का फोन आया। जिसने बताया कि वह एमबीबीएस कॉलेज लखनऊ में दाखिला करवाता है। जिसके बाद नीतिश नाम के युवक को राकेश ने घर में भेजा। राकेश ने अपनी बेटी के दाखिले के लिए उनके बताए अनुसार कागजात व रुपये ट्रांसफर करवा लिए। राकेश को दाखिले की स्लीप व फीस की रसीद दी गई। राकेश जब कॉलेज की शाखा में गया तो उसे पता चला कि वह स्लीप फर्जी है। राकेश से कुल 8 लाख 83 हजार रुपये की ठगी की गई। 25 सितंबर को आरोपी हासम निवासी अलवर व मोहम्मद निवासी दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

### मदवि में 26 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 26 शोधार्थी को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से अक्षय ढींगरा, एनवायरमेंटल साइंस से शशि, बायोटेक्नोलोजी से सोमबीर व पूजा, दृश्य कला से नीरू जून, आलोक कुमार, दीपांजलि दयाल व संदीप कुमार, संस्कृत से मंजू कुमारी, संगीत से रामदिया व चंचल, अंग्रेजी से अनिशा, लोक प्रशासन से निर्मला व ललित यादव, भूगोल से प्रियंका कुमारी, भाग्येश्वरी व प्रीति, अर्थशास्त्र से प्रिया, मैनेजमेंट से सुषमा, होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट से विकास, फोरेंसिक साइंस से दीक्षा ठाकुर, विधि विभाग से मोनिका गर्ग, मनी व सीमा, फार्मेसी से अजय सरोहा तथा एजुकेशन से करुणा भारद्वाज।



नया शोरूम :- मानसरोवर पार्क के पास, दिल्ली रोड, रोहतक, टेली.: 1800 891 1250

**जागरूकता** पीजीआईएमएस में ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप

# शुरुआती दौर में पता चलने पर ब्रेस्ट कैंसर को किया जा सकता है ठीक : डॉ. सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की ओपीडी में सर्जरी विभाग एवं कैंसर सर्जरी विभाग द्वारा सामूहिक रूप से ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया। जिसके चलते जहां महिलाओं की जांच की गई वहीं पोस्टरों व व्याख्यानों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर निदेशक डॉ.एसके सिंघल उपस्थित हुए। मंच का संचालन डॉ. सुशील ने किया। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक संस्थान में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत सेवा पखवाड़े में आज यह ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया है। महिलाएं कार्य में इतनी ज्यादा उलझी रहती हैं कि वें खुद पर ध्यान नहीं दे पाती हैं तो ऐसे में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य पर अधिक जोर दिया गया है। डॉ. सिंघल ने कहा कि शुरुआती दौर में पता चलने पर ब्रेस्ट कैंसर को बिल्कुल ठीक किया जा सकता है और यह बात हमें घर-घर तक पहुंचानी है, लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए क्योंकि कोई भी संदेश 1 से 2 और 2 से 4 में फैलता है।



**रोहतक।** कार्यक्रम को संबोधित करते एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन।

### महिलाओं के लिए अच्छा अभियान: जैन

विशिष्ट अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि वें आज के इस कैंप के लिए कैंसर सर्जरी विभाग का धन्यवाद व्यक्त करते हैं, जिन्होंने महिलाओं के लिए यह बहुत अच्छा अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर की जांच के लिए फरवरी में बस ली गई थी ताकि महिलाओं की समय पर जांच हो सके। डीन एकेडमिक अफेयर्स और सर्जरी विभाग अध्यक्ष डॉ. एमजी वशिष्ठ ने बताया कि 40 वर्ष के बाद महिलाओं को स्क्रीनिंग अवश्य करवानी चाहिए क्योंकि बीमारी का पता नहीं होता कि कहां छुपी हुई होती है।



कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।



पपुआ न्यू गिनी का हुडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्ज़ाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेड़िंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैंडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

### तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

**देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर**

### हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

### लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



**बन रहा समय की जरूरत**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत**

### पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

### रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

#### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।



**चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान**

### डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

### युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

### एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. **IIT** बॉम्बे – **AI** व डेटा साइंस
2. **IIT** दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. **IIT** मद्रास – **B.Sc. Data Science & AI** (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. **IIT** हैदराबाद – **AI** में विशेष **M.Tech** प्रोग्राम
5. **IISc** बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. **IIIT** हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. **IIIT** बेंगलुरु – **AI** व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. **IIM** बेंगलुरु/अहमदाबाद – **AI** व बिज़नेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. **CDAC** (**Centre for Development of Advanced Computing**) – **AI** व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. **JNU** व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व **AI** संबंधित **M.Sc./Diploma**

### यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा


- **B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science** – 4 साल
- **M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning** – 2 साल
- **PG Diploma in AI/ML** (**CDAC, IITs, IIITs**) – 1 साल
- **Certificate Courses** (**Coursera, NPTEL, Udemy, EdX**) – 3 से 6 महीने

#### यह मिल सकती है सैलरी

- (**Fresher**): 6–10 लाख प्रति वर्ष (**AI** इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- **Mid-Level** (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- **Senior Roles** (10+ साल): 30–50 लाख+ (**AI Architect, Research Scientist**)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

### यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक**: भविष्य का आधार

आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग**: पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस**: डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग**: सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी**: डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

### समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें**: आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें**: कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन**: रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं**: जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग**: लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा**: दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

### सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यतः स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

# संगोष्ठी में दिव्यांगजनों की शिक्षा, रोजगार और प्रौद्योगिकी पर मंथन

■ दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं अवसर प्रदान करें : डॉ शरणजीत कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। एमडीयू में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद अतिथि व आयोजक।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसएबिलिटीज़ स्टडीज़ (सीडीएस) द्वारा आज स्वराज सदन में- ब्रेकिंग बैरियर्स, बिल्डिंग फ्यूचरः एन्हान्सिंग एक्सेस टू एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट एंड टेक्नोलॉजी फॉर पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर रहीं। उन्होंने अपने प्रभावी संबोधन में कहा कि दिव्यांगजन किसी पर बोझ नहीं, बल्कि समाज की ऊर्जा और प्रतिभा के स्रोत हैं। हमें उन्हें सहानुभूति नहीं, अवसर देने चाहिए। शिक्षा और तकनीक की सुलभता उनके लिए स्वतंत्रता और सम्मान का आधार है। हर संस्था और व्यक्ति का कर्तव्य है कि हम उनकी क्षमताओं को पहचानें और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ें। उन्होंने आगे कहा कि यदि समाज मिलकर बैरियर्स (बाधाओं) को तोड़े तो दिव्यांगजन अपनी मेहनत और लगन से असंभव को भी संभव बना सकते हैं।विशिष्ट अतिथि एमडीयू के रजिस्ट्रार डॉ. कृष्ण कांत ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना ही सच्चे अर्थों में शिक्षा का लोकतंत्रीकरण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी और नवाचार दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खोल रहे हैं। अब आवश्यकता है कि हम इन्हें सुलभ और किफायती बनाएं।

### एआई का समझाया महत्व

ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग टूल्स, सहायक एप्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम उनके सामने मौजूद कई चुनौतियों को आसान बना सकते हैं। इस अवसर पर इग्नू के स्कूल ऑफ एजुकेशन के निदेशक प्रो. अमिताव मिश्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि समावेशी शिक्षा केवल नीतियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे कक्षाओं और पाठ्यक्रमों के स्तर तक ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि आज की डिजिटल तकनीक दिव्यांगजनों के लिए संभावनाओं का महासागर लेकर आई है। जब तक दिव्यांगजन बिना भेदभाव के शिक्षा और रोजगार तक पहुँच नहीं पाएंगे, तब तक वास्तविक सामाजिक न्याय संभव नहीं है। संगोष्ठी के प्रारम्भ में स्वागत भाषण सीडीएस निदेशक प्रो. प्रतिमा देवी ने दिया। प्रो. राधे श्याम, मुख्य परामर्शदाता, सीडीएस ने संगोष्ठी की थीम पर प्रकाश डाला। आयोजन सचिव प्रो. योगेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में सात तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत विचार-विमर्श किया गया। मंच संचालन डॉ आरती चहल ने किया। इस अवसर पर प्रो. राजीव कुमार, प्रो. सुरेंद्र कुमार समेत एमडीयू के शिक्षक, प्रतिभागीगण और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### विद्यार्थियों की खेल प्रतिस्पर्धाओं में शानदार उपलब्धि

रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। भिवानी स्थित भीम स्टेडियम में *एसजीएफआई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रिले रेस प्रतिस्पर्धा में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबका दिल जीता। अंडर-17 वर्ग की 4×400 मीटर रिले रेस में विद्यालय के अर्पित और हिमेश ने शानदार तालमेल और तेज रफ्तार का प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 वर्ग की 4×400 मीटर रिले रेस में प्रिंस ने अपनी अद्भुत गति और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। प्रिंस के इस प्रदर्शन ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया और विद्यालय तथा अभिभावकों का गौरव बढ़ाया।



### हीरो होंडा रोड सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दो दिवसीय हीरो होंडा रोड सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का मकसद छात्रों को न केवल ट्रैफिक नियमों से अवगत कराना था, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना भी था। वर्कशॉप के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को सड़क पर चलते समय आवश्यक सावधानियों, ट्रैफिक सिग्नल के महत्व, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, तथा पैदल यात्रियों और वाहन चालकों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### आर्यंस के लिए प्रेरणा का क्षण रहा गुलिया का दौरा

रोहतक। लाखन माजरा स्थित द आर्यन पब्लिक स्कूल में उस समय गर्व और उत्साह का माहौल छा गया जब विद्यालय परिवार ने अपने फाउंडर डायरेक्टर ब्रिगेडियर केएस गुलिया (सेवानिवृत्त) का स्वागत किया। हाल ही में उन्हें सेना भवन, नई दिल्ली में थलसेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा सम्मानित किया गया था। ब्रिगेडियर ने साझा किया कि कैसे 75 वर्ष की आयु के बाद भी उन्होंने 1,25,000 कदम यानी 114 किलोमीटर की पैदल यात्रा एक ही दिन में पूरी की। इस प्रेरक कार्य को उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के शब्दों /"सवा लाख से एक लड़ाऊं से प्रेरित होकर पूरा किया। उन्होंने विद्यालय की कई यादों को ताज़ा किया। उन्होंने सरागढ़ी ट्रॉफी और युद्ध सामग्री से बनी ट्रॉफी की चर्चा की, जिन्हें वे अपनी फौजी सेवा से लाकर विद्यालय को सौंप चुके हैं।



### मनोवैज्ञानिक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन

रोहतक। गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बाल मार्गदर्शन परामर्श एवं कल्याण क्लिनिक, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ के सहयोग से किशोर विद्यार्थियों के लिए एक विशेष मनोवैज्ञानिक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में कक्षा 7वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या डॉ. ममता मलिक, डिविजनल चाइल्ड वेलफेयर ऑफिसर अनिल मलिक, नीरज एवं अनीता द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। संगोष्ठी में किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों, हार्मोनल बदलाव, भावनात्मक विकास और सोशल मीडिया के प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी गई। अनिल मलिक ने कहा कि किशोर अपने अभिभावकों से खुलकर बातचीत करें और अपने सपनों के अनुरूप सही निर्णय लें। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक सोच विकसित करने, अपनी कमजोरियों से लड़ने और चरित्र तथा व्यवहार को मजबूत बनाने का संदेश दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंड़िया ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किशोरों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। काउंसलर नीरज कुमार ने अपने मार्गदर्शन से छात्रों को दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आवश्यक कौशलों के महत्व को समझाया।

## खबर संक्षेप

### राजकीय महाविधालय में कार्यशाला आयोजित

रोहतक। भूगोल सोसायटी राजकीय महाविद्यालय जसिया के तत्वावधान में भौगोलिक प्रौद्योगिकियां एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुदेश लाठर के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सीमा, सहायक प्राध्यापक, भूगोल विभाग, एमकेजेके कॉलेज ने भाग लिया।

### एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रोहतक। वैश्य महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, यूथ रेड क्रॉस एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को टीचएड्स डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसके माध्यम से उन्हें एड्स के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वाईआरसी समन्वयक डॉ. विनीत बाला एवं आरआरसी समन्वयक डॉ. मधु के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन फॉर एड्स-1097 तथा नाको एड्स एप के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया।

## परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनकर उत्साहित हुए दर्शक

# रामलीला महोत्सव में पांचवें दिन सीता स्वयंवर का सुंदर मंचन

■ रामलीला में दिन प्रतिदिन शहरवासियों की भीड बढ़ती जा रही है, शहरवासियों के शहर वासियों का श्रीराम भक्ति में बढ़ रहा रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। पुरानी आईटीआई में श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। पुरानी आनाज मंडी में आयोजित रामलीला में मौजूद आयोजक।

श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित पुरानी आईटीआई ग्राऊंड सरकुलर रोड पर स्थित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेला में शुक्रवार को पांचवे दिन सीता स्वयंवर परशुराम लक्ष्मण संवाद का कलाकारों के द्वारा बहुत ही सन्दर ढंग से मंचन किया गया। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि कुलपति पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय डॉ. एचके अग्रवाल, मुख्य अतिथि समाज सेवी शिवम डाईगनोस्टिक के डॉ. मनोज गोयल, विशिष्ट अतिथि महाराज पेलेस फाइव स्टार लक्सरी हॉटल के डायरेक्टर लखपत सिंह बल्हारा, जिला बार एसोसिएशन झज्जर के प्रेजिडेंट श्याम सुन्दर गोयल व वास्तु शास्त्र विशेषज्ञ अरूणा सिंगला उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक प्रसिद्ध समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, प्रधान सुभाष तायल ने फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन किया व रामलीला का शुभारंभ किया और सभी अतिथियों ने हनुमान की संगीतमय महाआरती की। रामलीला में दिन प्रतिदिन शहरवासियों की भीड बढ़ती जा रही है। और रामलीला शहरवासियों के लिये मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस अवसर पर प्रधान सुभाष तायल, शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगला, सोनू जैन, नवीन बंसल, राकेश खुराना, संदीप गुप्ता, अंकित बंसल, अजेश गुप्ता, पवन विरमानी, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, विपीन गोयल, गुलशन निझावन, वरूण सिंगल, मनोज जिंदल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सुरेन्द्र बल्ली, अनिल बंसल, रामकुमार पंचाल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन] शीतल, विकास दलाल, अंकित गर्ग, योगेश अरोड़ाआदि रहे।

### vknf रामबारात में उमड़ी भक्तों की भीड़

रोहतक। पुराना बस स्टैंड स्थित श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी द्वारा आयोजित रामलीला में शुक्रवार को धार्मिक उत्साह और भव्यता के साथ राम बारात, राम विवाह और राम बनवास के प्रसंगों का मंचन किया गया। रामलीला के मंचन में कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को अभिभूत कर दिया। बारात और विवाह के प्रसंग में जहां भक्ति और उल्लास का माहौल बना, वहीं बनवास का दृश्य दर्शकों की भावनाओं को गहराई तक छू गया। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों की भीड़ तालियों और जयकारों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन करती रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश चंद गुप्ता, पीजीआई के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, डॉ. कुंदन मित्तल, विनोद जैन, विनय गोयल और महेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने रामलीला समिति की भव्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे संस्कृति और धर्म के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। रामलीला सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में भी रामकथा के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा, जिनमें सीता हरण, राम-रावण युद्ध और राम राज्याभिषेक जैसे दृश्य शामिल रहेंगे।

### शिक्षा भारती विद्यालय में स्वदेशी पखवाड़े का शुभारंभ

रोहतक। शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में स्वदेशी पखवाड़े का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि "स्वदेशी अपनाना केवल वस्त्र या वस्तुओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच, व्यवहार और जीवन पद्धति से जुड़ा हुआ है। स्वदेशी से आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होता है और हमें अपने देश की संस्कृति एवं विरासत पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजिका शिखा ने कहा कि स्वदेशी पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, आत्मनिर्भरता और देश की स्वदेशी वस्तुओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ताआदि मौजूद रहे।



रोहतक। स्वदेशी पखवाड़े के शुभारंभ पर मौजूद स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## सैनी महासभा में अवनीश कुमार सैनी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सैनी महासभा हरियाणा ने संगठन को नई दिशा देने के उद्देश्य से अवनीश कुमार सैनी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से समाज में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है, साथ ही संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता भी झलकती है। अवनीश कुमार सैनी वर्तमान में सैनी एजुकेशन सोसायटी के प्रधान पद पर कार्यरत हैं। धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भूमिका और समर्पण ने उन्हें एक प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया है। प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मचंद सैनी के मार्गदर्शन में उन्होंने समाज की एकता, शिक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए संगठन को मजबूत और प्रगतिशील बनाने का संकल्प लिया है। यह नियुक्ति जहां अवनीश कुमार सैनी की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है, वहीं महासभा के युवा और गतिशील नेतृत्व पर विश्वास की भी पुष्टि करती है। महासभा के संरक्षक धर्म सिंह दहिया, उप-प्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश कुमार सैनी, सह-सचिव रविंद्र कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष नफे सिंह सैनी, कार्यकारिणी सदस्य एवं स्कूल मैनेजर ऋतुराज सैनी, बीएड कॉलेज के मैनेजर श्याम कटारिया आदि रहे।

### कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया विरोध-प्रदर्शन

रोहतक। कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के आह्वान पर राज्यभर के एडेड कॉलेजों के शिक्षण व गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने 26 सितम्बर को काले बिल्ले लगाकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर वेतन भुगतान में देरी और सुविधाओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इसके कारण वे आर्थिक संकट और मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा कि यह समस्या केवल वेतन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाली गंभीर चुनौती है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि वर्षों से संशोधित हाउस रेंट अलाउंस, चिकित्सा सुविधाएं और अन्य वैधानिक लाभ उनसे वंचित रखे गए हैं। ये सुविधाएं कर्मचारियों और अस्थायी स्टाफ को दी जा रही हैं, लेकिन एडेड कॉलेजों के स्थायी शिक्षक आज भी इनसे वंचित हैं। संघ ने सरकार पर केवल आश्वासन देने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यह लापरवाही न केवल शिक्षकों के हितों के खिलाफ है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और सामाजिक संतुलन को भी प्रभावित कर रही है।



रोहतक। रोष जताते कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ ने की समीक्षा

# अधिकारी समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों को शीघ्र निपटाएं : नरेंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का जल्द उचित निपटारा करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्य से संबंधित किसी भी मांग के बारे में उचित टिप्पणी दर्ज कर पोर्टल पर अपलोड करवाएं।

नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की वर्चुअली समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की ओर से वर्चुअली सभी जिलों में समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की बारी-बारी समीक्षा की गई तथा संबंधित जिलों को आवश्यक हिदायतें भी दी गई। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि जिला में समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों को जल्द निपटाया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों से तालमेल कर ऐसी लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करवाया जाएगा। समीक्षा बैठक में नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार व संदीप आदि अफसर मौजूद रहे।

### शिकायतों की अफसरों से ली जानकारी

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग इत्यादि संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा नियमित रूप से समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की वर्चुअली निगरानी की जाती है तथा हर सप्ताह के शुक्रवार को हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की वर्चुअली समीक्षा की जाती है। अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त होते ही शिकायतों का तुरंत उचित निपटारा करना सुनिश्चित करें।

## प्रभु की बाल लीलाओं को सुनकर हुए भाव विभोर

रोहतक। शरदीय नवरात्रों के शुभ अवसर पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-1 में श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रीधाम वृंदावन मथुरा से आए कथा व्यास आचार्य शिवम कौशिक ने मां के पांचवे स्वरुप स्कंदमाता का स्मरण कराते हुए पावन संगीतमय श्रीरामकथा की शुरुआत की। आचार्य शिवम कौशिक ने शुक्रवार को श्रीराम कथा के चौथे दिन भगवान श्री राम की बाल लीला, प्रभु का जनकपुर आगमन की कथा का भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया गया। भक्तजन भक्ति रस में सराबोर होकर कथा का आनंद लेते रहे। रामायण की चौपाई को सुनकर और उनके भावों को सुनकर लोगों की आंखे भर आई। आचार्य शिवम कौशिक ने बाल लीला का वर्णन के दौरान कहाकि श्यामवर्ण राम का मुखमंडल देखकर सभी मोहित हो जाते थे।

### श्रवण करने पहुंचे भक्त



*सेक्टर-एक में हो रही संगीतमय श्रीराम कथा को अर्चना, अवंतिका मिश्रा, ज्योति, ममता, एडवोकेट अजय गांधी, योगेश, आकाश भारद्वाज, श्रीयांश सरन, निर्मल शुक्ला, बृजनंदिनी किशोरी, और सेक्टर 1 और न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रोहतक के कई निवासी कथा सुनने पहुंचे।*

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ ICU Staff 6
❖ PRO/Marketing Executive 6
❖ MRI Technician 2
❖ Computer Operator (Male) 2
❖ Computer Operator (Female) 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

hartron
ISO 9001 : 2015
Enhance your talent...
HARTRON
SKILL CENTRE For
Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

## 30 सितम्बर को नई अनाजमंडी में होगा आयोजन

# विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह महाराज रोहतक में देंगे दीक्षा

**दिल्ली सहित कई राज्यों और विदेश से लोग पहुंचेंगे सत्संग में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह महाराज 30 सितंबर को सत्संग प्रवचन व नामदान के कार्यक्रम के लिए रोहतक पहुंचेंगे। कार्यक्रम का आयोजन नई अनाजमंडी में होगा, जहां देश विदेश सहित कई राज्यों भारी संख्या में संगत पहुंचेगी। मिशन के जोन इंचार्ज प्रेम कुमार बागिया, मीडिया प्रभारी सौरभ नरूला, कृपाल आश्रम रोहतक सेक्रेटरी मनोज नारंग ने शुक्रवार को कृपाल आश्रम में प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

### विभिन्न पहलुओं को समझाएंगे

मिशन के जोन इंचार्ज ने बताया कि सत्संग में संत राजिंदर सिंह महाराज आध्यात्मिकता के विभिन्न पहलुओं को खोल-खोलकर समझाएंगे कि किस तरह हम अपने मनुष्य जीवन के मुख्य उद्देश्य जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को इसी जीवन में पूरा कर सकते हैं। सत्संग में भाग लेने वाले भाई-बहन एक सरल और प्रभावशाली ध्यान-अभ्यास की तकनीक सीखकर अपने भीतर ही प्रभु के दिव्य-प्रेम और आनंद का अनुभव कर सकते हैं। संत राजिन्दर सिंह 30 सितंबर शाम 7 बजे संगत को आध्यात्मिक प्रवचन देंगे।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते सावन कृपाल रूहानी मिशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित

*उन्होंने बताया सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्वभर में 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले, शिकागो, अमेरिका में स्थित है।*

### मनुष्य जीवन के मुख्य ध्येय को खोजने में मदद करना उद्देश्य

जोन इंचार्ज प्रेम कुमार बागिया ने बताया कि संत राजिन्दर सिंह सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष हैं, जोकि एक लाभ न कमाने वाली संस्था है, जिसे साइंस ऑफ स्पिरिचुएलिटी के नाम से भी जाना जाता है। संत के जीवन और कार्य को प्रेम और निस्वार्थ सेवा की कभी न खत्म होने वाली यात्रा के रूप में देखा जा सकता है। उनका उद्देश्य विश्वभर के लाखों लोगों को मनुष्य जीवन के मुख्य ध्येय को खोजने में मदद करना है। उन्होंने पिछले 35 साल से जीवन के सभी क्षेत्र के लाखों लोगों को ध्यान-अभ्यास की विधि सिखाकर उन्हें अपने वास्तविक आत्मिक रूप से जुड़ने में मदद की है।

### 2018 में 4 अक्टूबर को आए थे रोहतक

उन्होंने बताया कि रात को 9 बजे प्रभु-प्राप्ति के जिज्ञासुओं के लिए नामदान (आध्यात्मिक दीक्षा) का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें संत राजिन्दर सिंह जिज्ञासुओं को प्रभु की ज्योति व श्रुति का निजानुभव प्रदान करेंगे। इससे पूर्व संत राजिन्दर सिंह महाराज 2018 में 4 अक्टूबर को रोहतक आए थे और उनकी इस शहर में यह नौवीं यात्रा है। सत्संग के इस कार्यक्रम का आयोजन सावन कृपाल रूहानी मिशन की गोहाना रोड पर स्थित कृपाल आश्रम रोहतक शाखा द्वारा किया जा रहा है। संत राजिन्दर सिंह विश्वभर के लाखों लोगों को ध्यान-अभ्यास पर आधारित सेमिनारों, आध्यात्मिक पुस्तकों, डीवीडी, ऑडियो बुक, लेख, टीवी, रेडियो, इंटरनेट प्रसारणों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से ध्यान-अभ्यास की विधि सिखाने के लिए अंतर्राश्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं। संत राजिन्दर सिंह की पुस्तकें विश्व की 55 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिनमें 'मन का शुद्धिकरण' 'मेडिटेशन ऐज मेडिकेशन फॉर द सोल' और 'ध्यान-अभ्यास के द्वारा आंतरिक और बाहरी शांति' आदि शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### निकिता वैश्य भारती नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित

**रोहतक।** वैश्य भारती द्वारा दिल्ली के एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर के सभागार में आयोजित वैश्य संवाद और सम्मान समारोह दिल्ली 2025 में रोहतक की बेटी कुमारी निकिता गर्ग को वैश्य भारती नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनको उनके न्यूट्रीशन में विशेष योगदान के लिए दिया गया।

### विद्यार्थियों ने गांव में निकाली स्वच्छता रैली

**महम।** मदीना स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा संघ का 57वां दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मदीना गांव में एक स्वच्छता रैली निकाली। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने स्वयंसेवकों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### प्रतिभा खोज कार्यक्रम उड़ान का भव्य आयोजन

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार प्रतिभा खोज कार्यक्रम उड़ान का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. लोकेश बल्हारा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रतिभा खोज के महत्व पर प्रकाश डाला।

*जिले के सभी गांवों को मॉडल गांव बनाने के लिए किए जाएंगे प्रयास : उपायुक्त*

## प्रशासन आपके गांव प्रशासन की नई पहल शुरू

# जिले का प्रथम मॉडल गांव बनेगा भैंसरू कलां

*▶▶ उपायुक्त सचिन गुप्ता सांपला खंड के गांव भैंसरू कलां स्थित ग्राम सचिवालय में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।*

**गांव की पेयजल की समस्या का आगामी दिसंबर माह तक होगा स्थायी समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा जिला के सभी गांवों को मॉडल गांवों के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। गांवों में शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। भैंसरू कलां गांव को जिला का सर्व प्रथम मॉडल गांव बनाया जाएगा।

गांव की सभी मांगों को प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता सांपला खंड के गांव भैंसरू कलां स्थित ग्राम सचिवालय में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया के साथ ग्राम सचिवालय परिसर में पौधारोपण कर ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का संदेश दिया।



■ गांव की सभी उचित मांगों को करवाया जाएगा पूर्ण

रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों की शिकायतें सुनी

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की शिकायतें व समस्याएं सुनी तथा मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करवाया जाएगा तथा गांव के विकास के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ग्राम पंचायत की और से उपायुक्त तथा जिला प्रशासन के सभी उच्चाधिकारियों का पगड़ी व शॉल भेंटकर मान-सम्मान किया गया। गांव की सरपंच सुनीता देवी तथा सरपंच प्रतिनिधि ऋषिप्रकाश ने गांव का मांगपत्र उपायुक्त को सौंपा।

### गांव के रास्तें होंगे पक्के

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गांव के रास्तों को पक्का करने, पार्क विकसित करने, भैंसरू खुर्द के पशु अस्पताल के साथ गांव को जोड़ने, म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत गांव को जगमग घोषित करने, अमृत सरोवर के तहत तालाब की मरम्मत व अन्य मांगों की फिजिबिलियटी चैक करवाकर इन्हें पूर्ण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महत्वकांक्षी योजना दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों की महिलाओं को आगामी एक नवंबर से 2100 रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव में 50 चिन्हित की गई सभी महिलाओं का योजना के तहत पंजीकरण करवाकर लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने जिला रैडक्रॉस सोसायटी की ओर से लाभपात्रों को व्हीलचेयर, कमर बेल्ट व स्टिक वितरित की तथा समाज कल्याण विभाग की ओर से पात्र व्यक्तियों को मौके पर वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लाभ पत्र वितरित किए। उन्होंने सोलर सिस्टम लगवाने वाले लाभार्थियों को अनुदान पत्र भी सौंपे। उन्होंने गांव की वीर नारी का सम्मान भी किया।

### ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर होगा समाधान

सचिन गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की पीने के पानी की समस्या का आगामी दिसंबर माह तक पूर्ण समाधान कर दिया जाएगा। पेयजल से संबंधित जिला प्रशासन द्वारा परियोजना पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें भैंसरू कलां सहित 12 गांवों शामिल है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में प्रशासन आपके गांव की नई पहल शुरू की गई है, जिसके तहत जिला प्रशासन गांव में पहुंचकर लोगों को घर द्वार पर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा तथा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र ढुल, नगराधीश अंकित, कुमार, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शिखा सहरावत सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।



## राष्ट्र स्तरीय क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में प्रिंस ने हासिल किया प्रथम स्थान

**रोहतक।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्रीड़ा भारती, क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में स्वामी नित्यानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस परीक्षा में खेल, सांस्कृतिक मूल्यों, विरासत और तकनीकी पहलुओं पर आधारित प्रश्न शामिल थे। छठी कक्षा के छात्र प्रिंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर पहला स्थान और राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त किया। वहीं, इसी कक्षा के छात्र समीर ने जिला स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर विद्यालय और अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। विद्यालय की ओर से बताया गया कि इस परीक्षा में कुल 140 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्या ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में वे इसी तरह श्रेष्ठ प्रदर्शन कर न केवल विद्यालय बल्कि प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएंगे।




## बीएमयू में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला छात्रों को मिले भविष्य की तकनीक से जुड़ने के अवसर

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय द्वारा शनिवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व तथा इसके विभिन्न उपयोगी आयामों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) मुकेश सिंगला के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में एआई की उपयोगिता, इसके भविष्य की संभावनाओं और बदलते वैश्विक परिदृश्य में इस तकनीक की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह कार्यशाला स्कोप टेक्नोलॉजीज के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता स्कोप टेक्नोलॉजीज के पंकज आर्य एवं जया शुक्ला ने हिस्सा लिया। आर्य ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग आज स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और दैनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे इस क्षेत्र में कौशल प्राप्त कर नए रोजगार अवसरों का लाभ उठाएं। वहीं, जया शुक्ला ने अपने वक्तव्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ-साथ डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और कंप्यूटर विज़न जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

### महम बार एसोसिएशन रूम में डॉ. भीम राव अंबेडकर और सर छोटू राम की प्रतिमा का अनावरण किया

**महम।** बार एसोसिएशन महम में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व सर छोटू राम की प्रतिमा का अनावरण आर्या शर्मा सहायक प्रिंसिपल जज फेमली कोर्ट महम व इलाका मजिस्ट्रेट अमित श्योराण द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर सीनियर एडवोकेट विजेंद्र राठी और कर्मबीर ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन महम के प्रधान प्रदीप ढाका ने की। मौके पर कुलदीप दांगी, राजबीर राठी, सोमबीर गोयत, प्रदीप गोयत, प्रवीन गोयत, संदीप बंसल, पवन मलिक, मीनाक्षी सिवाच, दीक्षांत सिवाच, रंजना रापड़िया, सीमा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# इंडस स्कूल में हर्षोल्लास से खेला गरबा






**पर्व शक्ति, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक: डॉ. एकता सिंधु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल 26 सितंबर को मां शक्ति की आराधना और नवरात्री के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ के साथ सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण करते हुए पूर्णाहुति दी व देवी दुर्गा की आराधना व मंगला चरण किया। छात्राओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में गरबा की लयबद्ध धुनों पर नृत्य कर इस पावन अवसर को विशेष बना दिया।

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने अपने उद्बोधन में नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व शक्ति, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। गरबा महोत्सव के माध्यम से छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का अवसर मिलता है, साथ ही उनमें सामूहिकता, अनुशासन की भावना भी विकसित होती है।

### छात्रों को फल व मिठाई का वितरण किया

प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि गरबा नृत्य का मुख्य उद्देश्य नवरात्रि उत्सव के दौरान देवी दुर्गा की पूजा करना, नारी ऊर्जा और शक्ति का सम्मान करना और ब्रह्माण्ड के जीवन चक्र को दर्शाना है। यह शारीरिक व्यायाम और मानसिक शांति प्राप्त करने का एक साधन है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ इस अवसर पर कन्या भोजन के रूप में सभी छात्रों को फल व मिठाई का वितरण किया गया।

## जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या सविता नेहरा को मिला 'प्रिंसिपल पार एक्सीलेंस' अवॉर्ड



**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर वर्ग की सम्मानित प्रधानाचार्या सविता नेहरा को इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, दिल्ली द्वारा प्रिंसिपल पार एक्सीलेंस अर्थात उत्कृष्ट प्राचार्या पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 24 सितम्बर को आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया गया, जिन्होंने युवा दिमागों को पोषित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सविता नेहरा को यह सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व, अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, तथा छात्रों के बीच नवाचार और समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के प्रेरणादायक प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। उनके कार्यों ने न केवल विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध किया है, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने में भी अहम योगदान दिया है। विद्यालय के डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने कहा कि यह सम्मान केवल सविता नेहरा की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की उपलब्धि है। वहीं सह-निदेशक हिमांशु गुप्ता ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके अथक परिश्रम और समर्पण ने विद्यालय को एक नई दिशा प्रदान की है और यह उम्मीद जताई कि वह आगे भी इसी तरह से विद्यालय को प्रगति की राह पर अग्रसर करती रहेंगी।

*स्कॉलर्स रोजरी स्कूल के छात्रों को किया जागरूक*

# यातायात नियमों की पालना करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एएसपी प्रतीक अग्रवाल ने शुक्रवार को स्कॉलर्स रोजरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। प्रभारी यातायात पूर्व निरीक्षक प्रशांत, प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक जसबीर, सउपनि राजेश, आरएसओ सुभाष गुप्ता एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। एएसपी प्रतीक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला पुलिस का उद्देश्य आमजन, युवाओं और विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करना और इसमें आदत विकसित करना है।




रोहतक। विद्यार्थियों को संबोधित करते एएसपी प्रतीक अग्रवाल।

उन्होंने कहा कि लोग केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा और सुविधा के लिए नियमों का पालन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेष रूप से समझाया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। वाहन की गति पर नियंत्रण रखें और सदैव निर्धारित गति सीमा में ही चलाएं। शहरी व रिहायशी क्षेत्रों तथा हाईवे पर ट्रैफिक नियमों के अनुरूप गाड़ी चलाएं। वाहनों के बीच उचित दूरी बनाए रखें और हमेशा सही लेन का पालन करें। लेन बदलने या मोड़ने से पहले इंडिकेटर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।

### सड़क पर सतर्क रहें

लाल बत्ती पर वाहन को स्टॉप लाइन से पहले रोकें। मुख्य सड़क से बाहर निकलते समय साइड व रियर व्यू मिरर का उपयोग करें। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर दी गई प्राथमिक चिकित्सा उसकी जान बचा सकती है। इसलिए हर नागरिक का दायित्व है कि सड़क पर सतर्क रहें और जरूरत पड़ने पर दूसरों की मदद करें। यातायात स्टाफ ने छात्रों को 'पटाखा बुलेट' जैसे असुरक्षित वाहन संशोधनों से बचने तथा वाहनों को सदैव निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा करने की भी सलाह दी। विद्यालय प्रबंधन ने जिला पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्रों को जिम्मेदार नागरिक और सुरक्षित वाहन चालक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।